Title: Need to provide railway ticket counter and reservation Facility at Malegaon, Nasik, Maharashtra.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : अध्यक्ष महोदय, मालेगांव तहसील मालेगांव जिला नासिक यह शहर बारह लाख की आबादी का शहर है। यहां से रेल स्टेशन मनमाड 35 किलो मीटर की दूरी पर है। मालेगांव से हर रोज 600-700 प्रवासी रेल से यातायात करते हैं। मालेगांव से मनमाड जाने में आर्थिक नुकसान और समय बर्बाद होता है। आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से विनती है कि मालेगांव शहर में टिकट घर और रिजर्वेशन की व्यवस्था की जाए।